महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# अब एक क्लिक पर पाएंगे रोजगार के अवसरों की जानकारी

## यूजीसी ने बनाया अनूठा अकादमिक रोजगार पोर्टल

वर्धा दि. 05 नवंबर 2012: रोजगार पाने के इच्छुक छात्रों के लिए खुशखबर है और वह लायी है विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने एक पोर्टल के माध्यम से। भावी प्रत्याशियों एवं उच्च शैक्षिक संस्थानों की मॉंग पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक ऐसा अकादमिक रोजगार पोर्टल बनाया है जिससे माध्यम से एक क्लिक पर रोजगार कहां उपलब्ध है इसके बारे में जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। इस अनूठे पोर्टल का पता है- http:/www.ugc.ac.in/jobportal

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उपाध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश ने भारत भर के कुलपति तथा निदेशकों को लिखे पत्र में उक्त पोर्टल को छात्रों के लिए उपयोगी बनाने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया है। पत्र में कहा गया है कि उक्त पोर्टल के माध्यम से रोजगार की खोज एवं नियोक्ता इन दो क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान की जा सकती है। इस पोर्टल की उपयोगिता इसके लिए भी है कि जहॉं एक ओर छात्रों द्वारा अपने अकादमिक योग्यता वृत्त को तैयार करने में उन्हें सहायता मिलेगी तथा उनका ध्यान आकृष्ट किया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर यह पोर्टल ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों की खोज करेगा जो रोजगार की तलाश में है। साथ ही इस पोर्टल पर रोजगार रिक्तियों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय एवं अन्य संस्थान एक नियोजक के रूप में इस पोर्टल के माध्यम से नेट (NET) योग्यताप्राप्त प्रत्याशियों की अंतरापृष्ठीय माध्यम से जॉंच कर सकते हैं। खास बात यह है कि यह पोर्टल विभिन्न योग्यताप्राप्त प्रत्याशियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मानदण्डों को पूरा करते हुए शैक्षिक वृत्त का अवलोकन, खोज एवं सूक्ष्म छानबीन की सुविधा भी उपलब्ध कराएगा। प्रो. वेद प्रकाश ने इस पत्र के माध्यम से अपील की है कि इस पोर्टल को लोकप्रिय बनाने में सहायता करें। उन्होंने विश्वास जताया है कि यह पोर्टल रोजगार के इच्छुक प्रत्याशियों एवं रोजगार उपलब्धकर्ताओं दोनों की आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा।

बी. एस. मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी